(ग) अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (3) के खण्ड (ग) के अधीन निर्वाचित सदस्यों में से निर्वाचित किया जाने वाला एक सदस्यः और

(घ) अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (3) के खण्ड (घ), (ङ) और (च) के अधीन पदेन सदस्यों मे से निर्वाचित किया जाने वाला सदस्य।

(2) परिषद् का अध्यक्ष, कार्यकारी समिति का पदेन अध्यक्ष होगा।

(3) रजिस्ट्रार कार्यकारी समिति का सचिव होगा।

17. कार्यकारी समिति के सदस्यों का कार्यकाल और आकस्मिक रिक्तियां भरने की रीति.—(1) कार्यकारी समिति के सदस्यों का कार्यकाल, परिषद् में उनकी सदस्यता से सहविस्तारी (को हर्मिन्स) होगा।

(2) अध्यक्ष या समिति के सदस्य के कार्यकाल में आकस्मिक रिक्ति को निर्वाचन द्वारा भरा जाएगा।

परन्तु यह कि किसी निर्वाचित सदस्य के कार्यालय में ऐसी कोई रिक्ति जो समस्त सदस्यों के पद की अवधि के अवसान की तारीख से छः मास के भीतर हो जाती है, तो वह भरी नहीं जाएगी।

18. गणपूर्ति.——अध्यक्ष सहित कार्यकारी समिति में तीन सदस्यों से गणपूर्ति होगी।

19. कृत्य— (1) कार्यकारी समिति को, परिषद् द्वारा अधिकथित सिद्वान्तों और साधारण नीति के अनुसार अधिनियम आरै नियमों की रूपरेखा के भीतर, परिषद् के कृत्यों का निर्वहन करने की शक्तियां होगी।

(2) विशिष्टतया और पूवगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कार्यकारी समिति, निम्नलिखित, शक्तियों, कर्तव्यों और कृत्यों का प्रयोग करेगी, अर्थात—

(क) हिमाचल प्रदेश राज्य चिकित्सा रजिस्टर, जो कि रजिस्ट्रार द्वारा तैयार किया जाएगा, के प्रकाशन का अधीक्षण करना।

(ख) कारबार सदस्यों द्वारा अधिसूचित प्रस्तावों और संशोधनों से भिन्न का मसौदा तैयार करना और उस पर सिफारशें प्रस्तुत करनाः—

(ग) चिकित्सा व्यवसायियों से ऐसी सूचना प्राप्त करना जो कि अधिनियम की अपेक्षाओं को सुकर बनाने में आवश्यक हो,

(घ) किसी भी आपेक्ष जिस पर परिषद् का ध्यान आकर्षित करना अपेक्षित हो पर विचार करना और उस पर रिपोर्ट तैयार करना।

(ङ) परिषद् को प्रस्तुत और कार्यकारी समिति को निर्दिष्ट याचिकाओं का परीक्षण और उन पर रिपोर्ट देना।

(च) अधिनियम की धारा 14 की उप—धारा (2) के अधीन रजिस्ट्रार को अवकाश मंजूर करना।

(छ) अधिनियम की धारा 21 के अधीन गठित अनुशासन समिति द्वारा की गई रिपोर्टों / सिफारिशों पर विचार करना।

(ज) रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायियों के विरूद्व वृतिक आचरण के भंग के लिए शिकायतों पर विचार करना और उस पर अपनी रिपोर्ट परिषद् को प्रस्तुत करना।

(झ) रजिस्ट्रीकरण हेतू समस्त आवेदनों पर परिषद को रिपोर्ट करना जो हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् की अनुसूची के अन्तर्गत आते नहीं है।

20. कार्यकारी समिति की बैठके.–(1) कार्यकारी समिति ऐसी तारीख, समय और स्थान पर बैठकें करेगी जो अध्यक्ष द्वारा नियत किया जाए तथापि यदि अध्यक्ष उचित समझे तो कम से कम तीन सदस्यों द्वारा लिखित अध्यपेक्षा पर कार्यकारी समिति की असाधारण बैठक बुला सकेगा।

(2) अध्यक्ष और रजिस्ट्रार बैठक की कार्यसूची (एजेण्डा) पर विचार विमर्श और विनिश्चित करेंगे ।

21. बैठक की सूचना.–रजिस्ट्रार कार्यकारी समिति के समस्त सदस्यों को साधारण बैठक की दशा में सात पूर्व दिन का और असाधारण बैठक की दशा में तीन पूर्ण दिन का नोटिस देगा। जिसमें बैठक का स्थान तारीख और समय विर्निष्ट होगा तथा उसमें किए जाने वाले कारबार के कथन सहित यह भी अलिखित होगा कि बैठक साधारण बैठक है या असाधारण बैठक है।

22. बैठक में उपस्थिति.–प्रत्येक बैठक में एक उपस्थिति रजिस्टर बैठक कक्ष में रखी जाएगी और प्रत्येक उपस्थित सदस्य रजिस्टर में अपने नाम के सामने हस्ताक्षर करेगा।

23. बैठक में कारबार का संव्यवहारित किया जाना.––(1) कार्यकारी समिति की प्रत्येक बैठक भी अध्यक्षता अध्यक्ष द्वारा की जाएगी और यदि वह अनपु स्थित होता है तो सदस्यों में से चुना गया पीठासीन अधिकारी बैठक की अध्यक्षता करेगा।

(2) साधारण और असाधारण बैठक में, ऐसी बैठक बुलाई जाने के लिए दी गई सूचना में विनिर्दिष्ट से अन्यथा, कोई कारबार संव्यवहारित नहीं किया जाएगा।

परन्तु पीठासीन अधिकारी किसी कारबार को जो कि अति आवश्यक प्रकृति का हो और जो बैठक की सूचना में दर्ज न था पर विचार–विमर्ष किए जाने की अनुज्ञा दे सकेगा।

(3) कार्यर्कारी समिति की बैठक में सामान प्रश्नों पर, उपस्थित सदस्यों के बहुमत द्वारा विनिश्चय किया जाएगा और मतों की बराबरी की दशा में पीठासीन अधिकारी का दूसरा और निर्णायक मत होगा।

24. परिचालन द्वारा विनिश्चय.––(1) जब मामला इतना हो कि इसके विनिश्चय की प्रतिक्षा कार्यकारी समिति की आगामी बैठक तक न की जा सकती हो, तो इसका विनिश्चय कार्यकारी समिति के समान्त सदस्यों को परिचालन द्वारा किया जाएगा।

(2) जब मामला हो कि कार्यकारी समिति के सदस्यों को परिचालन द्वारा निर्देश भी इसके उदेश्य को विफल कर रहा हो, तब अध्यक्ष परिषद् की शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा।

परन्तु ऐसे मामलों में, अध्यक्ष द्वारा की गई कार्यवाई को कार्यकारी समिति द्वारा अनुसमर्थित किया जाना अपेक्षित होगा।

25. कार्यकारी समिति के सदस्य से भिन्न किसी सदस्य का भाग लेना.–अध्यक्ष, परिषद् के किसी सदस्य को जो कार्यकारी समिति का सदस्य न हो, कार्यसूची (एजण्डा) की किसी विषिष्ट मद के लिए, कार्यकारी समिति को किसी बैठक में उपस्थित होने के लिए आमन्त्रित कर सकेगा। ऐसा आमन्त्रित कोई सदस्य उस पद से सम्बन्धित विचार विमर्श चर्चा में भाग लेने के लिए स्वतन्त्र होगा परन्तु उसे मत देने का अधिकार नहीं होगा।

26. बैठकों के कार्यवृत.—(1) प्रत्येक बैठक के कार्यवृत की प्रति रजिस्ट्रार द्वारा प्रारूपित की जाएगी और आयोजित की गई बैठक की तारीख से 10 दिनों के भीतर अध्यक्ष को उसके प्रतिहस्ताक्षरों हेतू प्रस्तुत की जाएगी जिसके पश्चात् इन को आयोजित की गई बैठक की तारीख से 20 दिन के भीतर, कार्यकारी समिति के प्रत्येक सदस्य को भेजा जाएगा। यदि रजिस्ट्रार द्वारा बैठक के कार्यवृत के प्रेषण की तारीख से 15 दिन के भीतर सदस्यों से कोई संशोधन (संषद्वि) / सुझाव प्राप्त न हो तो उसमें अभिलिखित विनिश्चय प्रभावी होगा।

(2) आगामी बैठक में कार्यकारी समिति द्वारा पुष्टिकरण करने के पश्चात कार्यवृत परिषद् के सदस्यों को भेजे जाएंगे।

परन्तु अध्यक्ष, यदि आवश्यक समझे तो उपरोक्त वर्णित 15 दिन की उक्त अवधि के अवसान से पूर्व कार्यकारी समिति के विनिश्चय पर कार्यवाही किए जाने का निदेश दे सकेगा।

भाग—5

27. परिषद् और कार्यर्कारी समिति के सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा और अन्य भत्ते.——(1) परिषद् या कार्यकारी समिति की बैठकों में हाजिर होने के लिए शासकीय सदस्यों को उन्हें लागू नियमों के उपबन्धों के अनुसार, यात्रा / भता / दैनिक भत्ता संदत किया जाएगा।

(2) परिषद के गैर सरकारी सदस्यों को, राज्य सरकार के उच्चस्तर श्रेणी—1 उच्चतर अधिकारियों को यथा अनुज्ञेय, यात्रा भता अनुज्ञात किया जाएगा।

(3) परिषद् और कार्यकारी समिति के समान्त गैर सरकारी सदस्य परिषद् अथवा कार्यकारी समिति की बैठक में उपस्थित होने के लिए प्रतिदिन केवल 500 रू. (पांच सौ रूपये) की फीस प्राप्त करने के हकदार होंगे जो इस नियम के उप—नियम् (2) के अधीन उनको यथा अनुज्ञेय यात्रा भता में अतिरिक्त, संदत की जाएगी।

भाग—6

जांचे

28. जांचों में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया.—शिकायतों का रजिस्ट्रार को सम्बोधित किसी व्यक्ति या निकाय द्वारा रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी पर वृतिक संदर्भ (प्राफेशनल रिस्पेक्ट) में कुतिसत आचरण का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत (परिवाद रजिस्ट्रार को सम्बोधित की जाएगी जिसमें शिकायत (परिवाद) के आधारों का विवरण होगा ओर जिसके साथ मामले के तथ्यों के सम्बन्ध में एक या अधिक घोषणाएं संलग्न होगी ।

29. घोषणा की विषय वस्तु.—(1) प्रत्येक घोषणा में घोषणकताओं के निवास स्थान का सही विवरण दिया जाएगा और जहां घोषणा में कथित तथ्य घोषणाकर्ता के विश्वास के कारणों को और इसकी सत्यता को पूर्ण से अभिव्यक्त किया जाएगा।

(2) घोषणाएं—इस नियम के उल्लंघन में की गई सादय के रूप में स्वीकृत नहीं की जाएगी।

30. मानसिक अथवा शारीरिक रूप से निशक्त व्यक्ति के रजिस्ट्रीकरण का निलम्बन.—(1) यदि किसी समय शपथ पत्र द्वारा सामने लाया जाता है कि अधिनियम के अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति ऐसी सीमा तक मानसिक और शारीरिक तौर पर निशक्त (निर्योग्य) हो गया है कि ऐसे व्यक्ति का लगातर व्यवसाय में बने रहना लोक कल्याण के विरूद्व है तो कार्यकारी समिति प्रस्तुत किये गए तथ्यों की जांच कर सकेगी

और रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को निर्दिष्ट अवधि के लिए चिकित्सा में अपनी वृतियां व्यवसाय करने पर निलम्बन का आदेश दे सकेगी।

(2) ऐसे व्यक्ति का रजिस्ट्रीकरण जो चिकित्सा आधार पर सेवा से सेवानिवृति चाहता है 3 वर्ष की अवधि के लिए अस्थायी तौर पर रद किया जाएगा।

परन्तु वह 3 वर्ष की अवधि के पष्चात् पुनः रजिस्ट्रीकृत हो सकेगा / सकेगी यदि परिषद् द्वारा उसे व्यवसाय के लिए उपयुक्त घोषित कर दिया जाता है।

31. दूषित आचरण वाले व्यक्ति द्वारा रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन करना या जब रजिस्ट्रीकरण पहले से ही अस्वीकृत किया हो.—जब भी रजिस्ट्रार को यह सूचना प्राप्त हो कि चिकित्सा व्यवसायी, जिसने रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन किया है या जिस का नाम रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन किया है या जिस का नाम रजिस्ट्रीकरण हेतू पहले ही अस्वीकृत किया जा चुका है ऐसे आचरण का दोषी रहा हो जिससे प्रथम दृश्यता वृत्रिक संदर्भ में (कुत्सित) आचरण गठित होता हो, तो रजिस्ट्रार ऐसी सूचना का संक्षिप्त सार बनाकर अध्यक्ष को सूचित करेगा ।

32. संज्ञेय अपराध के लिए दोषसिद्वि.—जब भी परिषद् के कार्यालय में यह सूचना प्राप्त हो कि रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी अपने वृत्रिक आचरण के सम्बन्ध में संज्ञेय अपराध से आरोपित है या किसी न्यायिक या अन्य सक्षम प्राधिकारी के अधीन परिनिंदित है या ऐसे आचरण का दोषी है जिससे प्रथम दृष्टया वृतिक सन्दर्भ में कुत्सित आचरण गठित होता हो, तो रजिस्ट्रार ऐसी सूचना को संक्षिप्त सार बनायेगा और उसे रजिस्ट्रार को प्रस्तुत करेगा।

33. शास्ति / रजिस्टर से हटाया जाना.—अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत प्रत्येक व्यक्ति जिसे कार्यकारी समिति द्वारा जांच के पश्चात जो ऐसे व्यक्ति की (वृति) या आजीविका के दृष्टिगत अनुचित हो, तो वह निम्नलिखित शास्तियों में से किसी एक के लिए दायी होगा।

(क) चेतावनी या धिग्दंड या धिग्दंड और चेतावनीः

(ख) औषधि की आधुनिक वैज्ञानिक प्रणाली में व्यवसाय करने या उससे सम्बन्धित कार्य करने पर विनिर्दिष्ट अवधि के लिए निलंबनः

(ग) रजिस्टर से उसको नाम का हटा दिया जाना।

34 संक्षिप्त सार / शिकायत पर कार्रवाई.——(1) जहां कोई शिकायत दाखिल की गई है तो शिकायत का संक्षिप्त सार और मामले से सम्बन्धित अन्य समस्त दस्तावेज रजिस्ट्रार द्वारा अध्यक्ष को प्रस्तुत किए जाएंगे अध्यक्ष को प्रस्तुत किए जाएंगे, अध्यक्ष यदि उचित समझे तो रजिस्ट्रार को, रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी से रजिस्ट्रीकृत पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण जैसा वह देना चाहे, मांग ने का अनदेष दे सकेगा।

(2) आरोपित व्यवसायी द्वारा रजिस्ट्रार को किसी स्पष्टीकरण सहित अग्रषित किए गए दस्तावेजों को निर्दिष्ट किया जाएगा जो उस पर विचार करेगी और जिसे अतिरिक्त जांच करने और सादय लेने तथा यदि आवश्यक हो तो विद्यिक सलाह (परामर्श) लेने की शक्ति होगी।

(3) यदि कार्यकारी समिति की यह राय हो कि प्रथमदृष्टया कोई मामला नहीं बनता है, तो मामले में आगे कार्यवाही नहीं होगी और रजिस्ट्रार कार्यकारी समिति के संकल्प के बारे में शिकायतकर्ता को सूचित करेगा ।

(4) यदि कार्यकारी समिति की यह राय हो कि परिस्थितियां आरोपित व्यवसायी को चेतावनी पत्र जारी करना इ ित करती है तो यह अपना निष्कर्ष परिषद को भेजेगी और यदि दोनों में से किसी में

कार्यकारी समिति की यह राय है कि मामला ऐसा है जिसमें की जांच की जानी चाहिए तो अध्यक्ष रजिस्ट्रार को कार्यकारी समिति द्वारा जांच संस्थित करने मामले की सुनवाई करन` और अवधारित करने के लिए पग उठाने हेतू निदेष दे सकेगा।

(5) अपचारी रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी के विरूद्व शिकायत पर विनिश्चय छः मास की समय सीमा के भीतर किया जाएगा।

35. कार्यकारी समिति द्वारा जांच की सूचना (नोटिस).–(1) अधिनियम की धारा 22 की उप–धारा (1) के अधीन संचालित की जाने वाली कोई जांच, कार्यकारी समिति के सचिव द्वारा, कार्यकारी समिति (की ओर से) लिखित में, आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को संबोधित करके (नोटिस) जारी करते हुए आरम्भ की जाएगी।

(2) उपर्युक्त उप–नियम (1) के अधीन जारी (नोटिस) में आरोप की प्रकृति और विशिष्टियों को विर्निष्ट होगी के बारे में, जिस दिन कार्यकारी समिति उसके मामले में कार्रवाई करने का आशय रखती है सूचना देगा आरै उसमें उससे, उक्त दिन को, कार्यकारी समिति के समक्ष हाजिर होने और लिखित आरोप का उतर देने की अपेक्षा की जाएगी।

(3) सूचना (नोटिस) प्ररूप–11 में ऐसी फेरफार के साथ जैसी परिस्थितियां अपेक्षा कर दी जाएगी और जांच की तारीख से तीन सप्ताह पूर्व भेजी जाएगी।

36. आरापित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायियों को दस्तावेजों को प्रदाय.––(1) प्रत्यके मामला जिसमें कार्यकारी समिति यह संकल्प करती है कि जांच संस्थित की जानी अपेक्षित है और तदनुसार जांच हेतू सूचना (नोटिस) जारी की गई है, परिवादी, यदि कोई हो, और अरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी, यथास्थिति अपनी प्रतिरक्षा (प्रतिवाद) या प्रत्युतर के प्रयोजन के लिए प्रार्थना पर कार्यकारी समिति को अन्य पक्षकार के लिए / की ओर से दिए या भेजे गए। किसी घोषणा की एक प्रति, स्पष्टीकरण या उतर या अन्य दस्तावजे जिसे अन्य ऐसा पक्षकार उचित सबूत पर सुनवाई में जांच के नोटिस में विनिर्दिष्ट आरोप के समर्थन में या उतर में सुनवाई साक्ष्य के लिए उपयोग करने के लिए हकदार होगा, रजिस्ट्रार द्वारा द्वारा प्रदत किए जाने के लिए हकदार होगा।

(2) आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी सूचना (नोटिस) को जारी करने की तारीख और आरोप की सुनवाई हेतू नियत दिन के बीच, अग्रेषित किया गया कोई (प्रत्युतर) साक्ष्य या कथन या किया गया आवेदन, कार्यकारी समिति के अध्यक्ष द्वारा, ऐसी रीति में जिसे वह स्वयं या विद्यिक सलाह के अधीन उचित समझे, निपटाया जाएगा।

(3) समस्त महत्वपूर्ण दस्तावेज जिन्हें मामले की बावत कार्यकारी समिति के समक्ष साक्ष्य के रूप में रखा जाना है, रंकित किए जाएंगे और उनकी एक प्रति प्रत्येक पत्रकार को मामले की सुनवाई से पूर्व दी जाएगी।

37. शिकायतकर्ता (परिवादी) के हाजिर होने की दशा में प्रक्रिया.–(1) जहां शिकायतकर्ता (परिवादी) व्यक्तिगत रूप से या विधि व्यवसायी से भिन्न, अपने प्रतिनिधि के माध्यम से हाजिर होता है वहां निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाएगीः–

(क) रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को सम्बोधित जांच की सूचना (नोटिस) पढ़ेगा।

(ख) (परिवादी) को अपना मामला स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से कथित करने और उसके समर्थन में प्रमाण पेश करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। शिकायतकर्ता (परिवादी) के सबूत की समाप्ति पर उसका मामला बन्द किया जाएगा।

(ग) तत्पश्चात् आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को अपना मामला स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से कथित और उसके समर्थन में सबूत पेश करने के लिए आमन्त्रित किया जाएगा। वह कार्यकारी समिति के समक्ष, अपने मामले की बावत, अपने सबूत की समाप्ति पर या उससे पहले केवल एक बार बोल सकेगा।

(घ) कार्यकारी समिति, आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी के मामले की समाप्ति पर, यदि उक्त आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी ने साक्ष्य पेश किए हो तो साधारणतया मामले के उतर में परिवादी को सुनेगी, परन्तु किसी विशेष मामले में, जिसमें कार्यकारी समिति ऐसे और साक्ष्य पेश करना उचित समझती है के सिवाए कोई और साक्ष्य नहीं सुनेगी। कार्यकारी समिति की विशेष इजाजत के सिवाए, यदि आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी कोई साक्ष्य पेश नहीं करता है तो शिकायतकर्ता (उतर) में नहीं सुना जाएगा।

(ङ) जहां कार्यकारी समिति के समक्ष किसी पत्रकार द्वारा कोई साक्षी पेश किया जाता है तो पहले उसकी परीक्षा पेश करने वाले पक्षकार द्वारा की जाएगी और तत्पश्चात् विपक्षी पत्रकार द्वारा प्रतिपरीक्षा की जाएगी। जहां घोषणाकर्ता उपस्थित नहीं है या वह प्रतिपरीक्षा हेतू हाजिर होने से इंकार करता है, वहां कार्यकारिणी समिति कोई घोषणा, साक्ष्य ग्रहण करने से इन्कार करने का अधिकार अपने पास आरक्षित रखेगी।

(च) अध्यक्ष, कार्यकारी समिति के पदेन सभापति के रूप में और उसके माध्यम से कार्यकारी समिति के सदस्य भी किसी साक्षी या पत्रकार से प्रश्न कर सकेंगे ।

38. शिकायतकर्ता (परिवादी) के हाजिर न होने की दशा में प्रक्रिया.—जहां कोई शिकायतकर्ता (परिवादी) हाजिर नहीं होता है, वहां निम्नलिखित प्रक्रिया अपनायी जाएगीः—

(क) रजिस्ट्रार, कार्यकारी समिति के सचिव के रूप में कार्यकारी समिति के समक्ष आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को सम्बोधित जांच की सूचना (नोटिस) को पढ़ेगा और मामले के तथ्यों का कथन करेगा, तथा उक्त समिति के समक्ष ऐसे साक्ष्य पेश करेगा, जिसके द्वारा उसका समर्थन किया गया है।

(ख) तत्पश्चात् आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को अपना मामल का स्वयं या अपने प्रतिनिधित्व के माध्यम से कथन करने और उसे समर्थन में सबूत पेश करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा वह कार्यकारी समिति के समक्ष अपने सबूत की समाप्ति पर या पहले केवल एक बार, बोल सकेगा।

39. विचार विमर्श सम्मिलित करना.——कार्यकारी समिति, मामले की सुनवाई की समाप्ति पर उस पर एकान्त में विचार–विमर्श करेगी और विचार–विमर्श की समाप्ति पर अध्यक्ष, कार्यकारी समिति के पदेन सभापति के रूप में विचार विमर्श के परिणाम का सारांश तैयार करने के प्रयोजन से कार्यकारी समिति से जैसा कि मामले की परिस्थितियों को लागू हो, सभापति द्वारा किए जाने वाले निम्नलिखित संकल्पों पर मतदान करने की अपेक्षा करेगाः—

(1) आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी, जिसे उसके विरूद्व अभिकथित, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में यथा परिभाषित, संज्ञेय अपराध का सिद्वदोष ठहराया गया है, की दशा में : —

''यह कि ....., उसके विरूद्व जांच की सूचना (नोटिस) में यथा अभिकथित, दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में यथा परिभाषित संज्ञये अपराध का सिद्वदोष साबित हुआ है।''

(2) वृत्रिक सन्दर्भ से कुत्सित आचरण के लिए आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी की दशा में

(क) ''यह कि कार्यकारी समिति, अब..... के विरूद्व जांच के नोटिस में अभिकथित आरोपों का विनिश्चय करने के लिए अग्रसर होती है और उन्हें साबित किया गया है या साबित नहीं किया गया है।''

यदि यह संकल्प नहीं लाया जाता है तो मामले की आगामी सुनवाई, जैसे कार्यकारी समिति निर्दिष्ट करे, कार्यकारी समिति की अगली या भविष्य में अन्य किसी बैठक तक स्थगित रहेगी, और उसकी सुनवाई भविष्य ऐसी अगली बैठक में स्थगित मामले के रूप में की जाएगी।

यदि उक्त प्रस्ताव लाया जाता है तो अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति से, सभापति द्वारा रखे जाने वाले निम्नलिखित संकल्प पर मतदान करने के लिए अपेक्षा की जाएगी।

(ख) ''यह कि जांच की सूचना (नोटिस) में ..... के विरूद्व समस्त अभिकथित तथा अभिकथित तथ्य या निम्नलिखित तथ्य (कार्यकारी समिति को समाधान पद रूप मे साबित किए गए है)

यदि यह संकल्प लाया जाता है तो कार्यकारी समिति या तो यह न्यायनिर्णय करने के लिए अग्रसर हो सकती है कि क्या अभियुक्त रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को साबित हुए तथ्यों पर वृतिक कुत्सित आचरण का दोषी साबित किया गया है और रजिस्ट्रार को उसका नाम रजिस्टर से हटाने को निर्देष देगी या अपना निर्णय कर सकती है तथा मामले को अगली या भविष्य में किसी अन्य बैठक तक स्थगित कर सकती है।

(3) घोर अपराध (या उपापराध या अपराध) के सिद्वदोष या वृतिक संदर्भ में कुत्सित आचरण के आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी की दशा में यह विनिश्चित करने के प्रयोजन से कि क्या कार्यकारी समिति का साबित दोषसिद्वि (या तथ्यों) का निर्णय मुल्तवी किया जाएगा और अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के पदेन सभापति के रूप में सभापति द्वारा रखे जाने वाले निम्नलिखित संकल्प पर मतदान करने के लिए कार्यकारी समिति की अपेक्षा की जाएगी।

(ग) ''यह कि कार्यकारी समिति अब, ... के विरूद्व साबित दोषसिद्वि (या तथ्यों) पर अपना निर्णय सुनाने के लिए अग्रसर होती है।''

यदि यह संकल्प नहीं लाया जाता है तो कायकारी समिति का निर्णय इसकी अगली या भविष्य में ऐसी किसी अन्य बैठक तक मुल्तवी होगा, जैसा यह निर्दिष्ट करेगी और मामले को ऐसी अगली या भविष्य में अन्य बैठक में ऐसे मामले के रूप में लिया जाएगा जिस पर निर्णय मुल्तवी किया गया है। यदि यह संकल्प लाया जाता है तो कार्यकारी समिति मामले पर तत्काल अपना निर्णय सुनाने के लिए अग्रसर होगी और अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के पदने सभापति के रूप में सभापति द्वारा रखे जाने वाले निम्नलिखित सकं ल्प पर मतदान करने के लिए इससे अपेक्षा की जाएगी :– दोषसिद्वि की दशा में:–

(घ) ''कि ..... के विरूद्व जांच की सूचना (नोटिस) में अभिकथित घोर अपराध (या उपापराध या अपराध) का सिद्वदोष साबित होने पर, रजिस्ट्रार को कार्यकारी समिति के सचिव के रूप में रजिस्टर से उसका नाम हटाने के लिए निर्देश दिया जाए।

वृतिक सन्दर्भ में (कुत्सित) आचरण से आरोखित व्यवसायी की दशा में : –

(ङ) '' यह कि कार्यकारी समिति, अब ..... को वृत्रिक सन्दर्भ में (कुतसित आचरण का दोषी न्यायनिर्णीत करती है और रजिस्ट्रार को, ... का नाम रजिस्टर से हटाने के लिए निर्दिष्ट निर्देष देती है।''

यदि यथास्थिति संकल्प (घ) या (ङ) नहीं लाया जाता है, तो अध्यक्ष कार्यकारी समिति का निर्णय निम्नलिखित रूप में घोषित कर सकेगा।

''यह कि कार्यकारी समिति श्री..... का नाम रजिस्ट्रार को निदेश देना उचित नहीं समझती है।''

40. स्थगित सुनवाई का नोटिस.—(1) अन्य सत्र के लिए सुनवाई का स्थगन या निर्णय को मुल्तवी करने की दशा में, कार्यकारी समिति, पुन विचार के लिए आने वाले मामले पर आगामी विचार के लिए नियत दिन को आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी और शिकायतकर्ता (परिवादी) (यदि कोई हो) को सुन सकती है तथा परिवादी और व्यवसायी को, ऐसे कोई और तथा या साक्ष्य, जिन्हें वे कार्यकारी समिति के समक्ष रखना चाहते हो, लिखित रूप में रजिस्ट्रार को देने के लिए निवेदन किया जाएगा।

(2) सचूना (नोटिस) इस प्रकार से दी जाएगी कि दिन जिसको कि सचूना (नोटिस) दीगई है और नियत दिन के मध्य कम से कम 28 दिन अनुज्ञात किए जा सकें। जब तक इस नियम की अनुपालना में पहले से रजिस्ट्रार को उनका विवरण नही दिया गया हा, तब तक किसी पत्रकार द्वारा जांच के विचार के लिए प्रस्तुत कोई और तथा या साक्ष्य कार्यकारी समिति द्वारा प्राप्त नहीं किए जाएंगे या उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

41. सुनवाई.—(1) कार्यकारी समिति के समक्ष आगामी विचार के लिए आने वाले मामले पर रजिस्ट्रार, कार्यकारी समिति के सचिव के रूप में, यदि आवश्यक हो तो कार्यकारी समिति को तथ्यों का कथन करेगा और मामले की स्थिति स्पष्ट करेगा आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को तत्पश्चात कार्यकारी समिति के समझ बोलने के लिए या तो व्यक्तिगत रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से जिसकी उसने रजिस्ट्रार को सम्यक रूप से सूचना (नोटिस) दी हो, आमन्त्रित किया जाएगा। शिकायत कर्ता (परिवादी) (यदि कोइ हो) को भी कार्यकारी समिति के समक्ष या तो व्यक्तिगत रूप से या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से बोलने और कोई और साक्ष्य, जिसकी उसने सम्यक रूप से सूचन (नोटिस) दी हो, उक्त समिति के समक्ष रखने के लिए आमन्त्रित करेगा।

(2) कार्यकारी समिति, आगामी सुनवाई की समाप्ति पर मामले पर एकांत में विचार–विमर्श करेगी और विचार–विमर्श के पश्चात् अध्यक्ष कार्यकारी समिति के पदेन सभापति के रूप में उक्त समिति से उसी संकल्प पर जैसे की मूल सुनवाई पर स्थगित मामले तथा ऐसे मामले, जिसमें किसी संकल्प पर, यथास्थिति, नियम 39 के उपनियम (3) (ग), (3) (घ) या (3) (ङ) के अधीन निर्णय मुल्तवी किया गया था में मतदान करने की अपेक्षा करेगा।

42. नाम को हटाने के लिए संकल्प.—(1) यदि कार्यकारी समिति की राय में विशिष्टतः परिषद् या भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा विहित किसी आचार संहिता के अधीन चिकित्सा वृद्वि के सम्बन्ध में आरोपी रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी का आचरण (कुत्सित) पाया जाता है तो यह अधिनियम की धारा 22 के उपबन्धों के अनुसार उक्त व्यवसायी का नाम रजिस्टर से हटाने के लिए समिति के अध्यक्ष द्वारा सभापति के रूप में रखे गए औपचारिक संकल्प द्वारा अध्यक्ष द्वारा सभापति के रूप में रखे गए औपचारिक संकल्प द्वारा अध्यक्ष को सिफारिश कर सकती है।

(2) कार्यकारी स्थिति द्वारा धारा 22 के अपबंधों के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी का नाम हटाने के लिए आदेश परिषद् द्वारा पुष्टि के अध्याधीन होगा तथा ऐसी पुष्टि की तारीख से प्रभावी होगा।

43. नाम को हटाने का नोटिस.—(1) रजिस्ट्रार अधिनियम की धारा 22 के उपबंधो के अनुसरण में, रजिस्टर से किसी नाम के हटाने पर तत्काल ऐसे हटाए जाने का नोटिस रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को भेजेगा और ऐसा नोटिस उक्त व्यवसायी के आन्तिम ज्ञात पते पर या रजिस्ट्रीकृत पते पर रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को भेजा जाएगा। रजिस्ट्रार ऐसे हटाए जाने की सूचना तत्काल संकायध्यक्ष (डीन) या सचिव या निकाय या निकायों के समुचित अधिकारी जिससे कि उक्त व्यवसायी ने अर्हताएं प्राप्त की है, भी भेजेगा।

(2) कोई व्यक्ति जिसका नाम इन नियमों के उपबन्धों के अधीन रजिस्टर से हटा दिया गया है रजिस्ट्रार को अपना रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करेगा तथा इस प्रकार हटाया गया नाम शासकीय राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा।

44. अनुज्ञापन निकाय को सूचना.– रजिस्ट्रार के अधिनियम की धारा 22 के उपबंधों परिषद् के आदेश द्वारा रजिस्टर से किसी नाम के हटाए जाने के पश्चात एक मास के भीतर, उस नियम का जिससे व्यवसायियों ने अपनी अहर्ताएं प्राप्त की हो, ऐसे नामों की एक सूची भेजेगा तथा प्रत्येक अनुज्ञापन निकाय का ध्यान कार्यकारी समिति के निम्नलिखित संकल्प की ओर आकृष्ट करेगा।

''कार्यकारी समिति यह सिफारिश करती है कि कोई व्यक्ति जिसका नाम एक बार रजिस्टर से हटाया गया है और उक्त रजिस्टर में प्रत्यावर्तित नहीं किया गया है, परिषद् को पूर्व संदर्भ के बिना, कोई नहीं अर्हता, जो अधिनियम के उपबंधो के अधीन रजिस्ट्रीकृत करने योग्य है, अभिप्राप्त करने के लिए परीक्षा में प्रवेष के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।''

भाग–7

रजिस्टर में नाम का प्रत्यावर्तन

45. नाम को पुनः प्रविष्ट करने की शक्ति.– परिषद् यदि यह उचित समझे, किसी व्यक्ति जिसका नाम रजिस्टर से हटा दिया गया है, से आवेदन प्राप्त करने पर अधिनियम की धारा 22 के अधीन रजिस्ट्रार को उसका नाम रजिस्टर में पुनः प्रविष्ट करने के लिए निर्देष दे सकेगी।

46. नाम की पुनः प्रविष्टि के लिए आवेदन.–कोई व्यक्ति, जिसका नाम परिषद् के निदेष से धारा 22 के अधीन रजिस्टर से हटाया गया हैं परन्तु जो फिर भी अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत किए जाने हेतू उसे हकदार बनाने वाल अर्हता रखता है, अपने नाम की रजिस्टर में पुनः प्रविष्ट के लिए प्ररूपः 3 में परिषद को आवेदन कर सकता है तथा ऐसे प्रत्येक आवेदन की बावत निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगाः–

(1) आवेदन, लिखत में, परिषद् को सम्बोधित किया जाएगा और आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित होगा तथा उन आधारों का कथन करेगा जिन पर आवेदन किया गया है।

(2) आवेदन के साथ निम्नलिखित संलग्न किए जाएंगे।

(क) मामले के तथ्य उपवर्णित करते हुए और यह कथन करते हुए कि वह मूल रूप से रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति है, आवेदक द्वारा की गई घोषणाः और

(ख) निम्नलिखित दस्तावेजों में से एकः–

(1) आवेदक का डिप्लोमा
(2) उसका यदि उसे पहले ही उसके द्वारा वापस नहीं किया गया है रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र मूल रूप में
(3) उसकी पहचान के बारे में, अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत दो व्यवसायियों से प्ररूप–4 में प्रमाण पत्र।

(3) आवेदन में दिए गए कथन को अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत दा व्यवसायियों द्वारा जो उस स्थान के पड़ोस के निवासी हों, जहां आवेदक अपना नाम हटाए जाने के पश्चात् से रह रहा है लिखित में दिए जाने वाले प्रमाण–पत्रों द्वारा भी सत्यापित किया जाएगा तथा वे उसका वर्तमान में अच्छा चरित्र भी प्रमाणित करेंगे।

(4) रजिस्ट्रार, परिषद् द्वारा आवदे न पर विचार करने से पूर्व, उसे उन अनुज्ञापन निकायों, जिनकी अहर्ताएं आवेदक द्वारा उस समय धारित की गई थी जब उसका नाम रजिस्टर से हटाय गया था, को अधिसूचित करेगा तथा फिर वह व्यक्ति या निकाय (यदि कोई हो), जिसके परिवाद पर आवेदक का नाम हटाया गया था को सम्बोधित पत्र आवेदन और उस समय, जब परिषद् उस पर विचार करने का आषय रखती है कि बावत सूचना (नोटिस) देगा।

(5) परिषद् आवेदन पर विचार करेगी और, यदि यह उचित समझे तो आवेदक से और साक्ष्य या स्पष्टीकरण की अपेक्षा करने के लिए इस पर विचार भविष्य में किसी तारीख को स्थगित कर सकती है।

(6) उप–नियम (3) में निर्दिष्ट आवेदन और प्रमाण–पत्र ऐसे फेरफार के साथ जो परिस्थितियों के अनुसार आपेक्षित हो, क्रमशः प्ररूप–5 और 6 मे होंगे। मुद्रित प्ररूप रजिस्ट्रार द्वारा अपने कार्यालय में रखे जाएगें आरै वह उन्हें आषयित आवेदक को प्रदत करेगा।

भाग–8

अपीलें

47. अपीलें.–(1) अधिनियम की धारा 24 के अधीन परिषद् को प्रस्तुत प्रत्यके अपील रजिस्ट्रार को संबोधित की जाएगी और उसके साथ हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् (फीस) नियम, 2007 में यथा विहित फीस संलग्न की जाएगी।

(2) प्रत्येक अपील सम्यक् रूप से प्रस्तुत की गई समझी जाएगी, यदि उसे रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा भेजा गया है या व्यक्तिगत रूप से या आवेदक द्वारा, लिखित में प्राधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से परिषद् के कार्यालय में परिदित किया गया है।

(3) प्रत्यके अपील के साथ उस आदेश की प्रमाणित प्रति संलग्न की जाएगी, जिसके विरूद्व अपील की गई है और उसमें निम्नलिखित विशिष्टियां अंतर्विष्ट होगी।

(क) आदेश, जिसके विरूद्व अपील की गई है।
(ख) संक्षेप में, परन्तु स्पष्टतः उपवर्णित अपील के आधार

(4) प्रत्यके अपील आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित की जाएगी और सीविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में अपील के आधारों के सत्यापन हेतु अधिकथित रीति में सत्यापित की जाएगी।

48. अपीलों की सुनवाई के लिए प्रक्रिया.– (1) यदि अपील नियम 47 में अधिकथित रीति में प्रस्तुत नहीं की जाती है या इसके साथ विहित फीस संलग्न नहीं की गई है तो यह फीस संलग्न नही ं की गई है तो यह संक्षेपत अस्वीकृत की जाएगी।

(2) यदि अपील स्वीकृत की जाती है, तो परिषद् अपीलार्थी को और जहां अपील अपीलार्थी से भिन्न किसी व्यक्ति के सम्बन्ध में पारित, रजिस्ट्रार के आदेश के विरूद्व है वहां ऐसे व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात विनिश्चित करेगी। परिषद का प्रत्येक विनिश्चय रजिस्ट्रार को संसूचित किया जाएगा जो उसे प्रभावशाली (प्रभावी) करेगा।

परिषद् के लेखों और विधियों का रख रखाव

49. संपति का प्रबन्धन.–रजिस्ट्रार परिषद की समस्त संपतियों के रख रखाव के लिए उतरदायी होगा, और परिषद् की जंगम (स्थाई) संपति का स्टॉक रजिस्टर रखेगा।

50. परिषद् के धन का बैंक में निक्षेप.– परिषद् भारतीय स्टैट बैंक में खाता खोलेगी और इसके अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (1) के अधीन नियम 51 के उपबंध के बैंक में निक्षित किया जाएगा।

51. परिषद् की ओर से धन की प्राप्ति.– परिषद् को संदय समस्त धन, परिषद की ओर से रजिस्ट्रार या उसके द्वारा इस निमित लिखित में प्राधिकृत परिषद् के किसी अन्य कर्मचारी द्वारा प्राप्त किया जाएगा और जिस दिन यह प्राप्त किया जाएगा और जिस दिन यह प्राप्त किया जाएगा और जिस दिन यह प्राप्त किया जाता है उससे अगले दिन बैंक मे निक्षिप्त किया जाएगा। प्राप्त धन के बदले में रजिस्ट्रार द्वारा प्ररूप–7 में यथा निहित प्ररूप में रसीद प्रदान की जाएगी।

52. परिषद् के लेखों को प्रचलन– परिषद् की लेखा रजिस्ट्रार और अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से सम्बन्धित पचलित किया जाएगा (और अध्यक्ष की अनुपस्थिति में इनको रजिस्ट्रार और उपाध्यक्ष द्वारा प्रचलित किया जाएगा।

53. स्थाई अग्रिम.–रजिस्ट्रार पांच हजार रूपये का स्थाई अग्रिम अपने पास रखेगा।

54. लेखों का अनुरक्षण.–परिषद् की ओर से प्राप्त की गई अथवा व्यय की गई समस्त धन को प्ररूप–8 में विहित प्ररूप में अनुरक्षित की जाने वाली साधारण रोकड़ वही में, रजिस्ट्रार के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन, और उसकी अनुपस्थिति में उसके द्वारा लिखित में प्राधिकृत परिषद् के किसी कर्मचारी के पर्यवेक्षण के अधीन, बिना किसी आरक्षण के परिषद् के लेखों में लिया जाएगा।

55. लेखों की संपरीक्षा.–(1) परिषद् के लेखों की संपरीक्षा राज्य सरकार के वित विभाग के स्थानीय निधि लेखों के परीक्षक द्वारा प्रतिवर्ष की जाएगी।

(2) संपरीक्षा के ब्यौरे.–परीक्षक के ब्यौरे परीक्षक स्थानीय निद्यि लेखा वित विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा परिषद को संसूचित किए जाएंगे, और कार्यकारी समिति द्वारा उस पर विचार करने के पश्चात् लेखों की संपरीक्षा रिपोर्ट और संपरीक्षित विवरणी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को अग्रेषित की जाएगी। उसी समय संपरीक्षा रिपोर्ट की प्रतियां परिषद् की समस्त सदस्यों को सूचनार्थ परिचलित की जाएगी।

56. लेखों के वार्षिक विवरण की तेयारी.–रजिस्ट्रार प्रत्येक वर्ष जुलाई मास में, 31 मार्च को समाप्त होने वाले पूर्ववर्ती वितीय वर्ष की आय और व्यय का विवरण तैयार करवाएगा। ओर ऐसे मामलो पर जो उसे परिषद् के नोटिस में लाये जाने के लिए आवष्यक प्रतीत हो परिषद् का ध्यान करेगा।

57. प्राक्कलनों की तैयारी.–(1) रजिस्ट्रार, प्रत्यके वर्ष अक्तूबर मास में या ऐसी तारीख को जिसे अध्यक्ष नियत करें आगामी वर्ष के प्रथम अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले वर्ष के लिये परिषद् की आय और व्यय का प्राक्कलन तैयार करवाएगा। और उसे परिषद् को प्रस्तुत करेगा।

(2) प्राक्कलनों में, परिषद् के दायित्वों को पूरा करने, और अधिनियम के उपबन्धों को सफलतापूर्वक में कार्यान्वित करने के लिए उपलब्ध जाएगें।

(3) परिषद् उप–नियम (1) के अधीन उसे प्रस्तुत प्राक्कलनों पर विचार करेगी और इसको इन्हें परिवर्तन क` साथ, और बिना परिवर्तन के जैसा उचित समझे , मंजूर कर सकेगी।

58. अनुपूरक प्राक्कलनों की तैयारी.–परिषद्, वर्ष के दौरान जिसके लिए कोई प्राक्कलन मंजूर हुआ था, किसी भी समय, अनुपूरक प्राक्कलन तैयार करवा सकेगी और उसे प्रस्तुत करेगी। प्रत्येक ऐसे अनुपूरक प्राक्कलन पर, उसी रीति में, जैसे कि यह मूल वार्षिक प्राक्कलन हो, विचार किया जाएगा। कोई व्यय जो

नियम 57 के उपनियम (3) के अधीन मंजूर (स्वीकृत) प्राक्कलनों में या अनुपूरक प्राक्कलनों में सम्यक् रूप से उपगत उपबंधित नहीं है, उपगत नहीं किया जाएगा।

59. बिलों का संकल्प.—कर्मचारीवृन्द के समस्त वेतन बिल और धन के दावे के रूप में प्रस्तुत किये गए अन्य बाउचर, परिषद् के लेखाकार द्वारा प्राप्त और परीक्षित किये जाएंगे। यह समाधान हो जाने पर कि दावा सही है, बिल

(क) यदि दावा कर्मचारीपरिषद् के वेतन बिल से सम्बन्धित है या एक हजार रूपये से अनधिक रकम के लिए है तो, रजिस्ट्रार द्वारा, और (ख) अन्य मामलों में अध्यक्ष द्वारा, पारित किए जाएंगे।

60. प्रतिदाय.—परिषद द्वारा फीस के लेखे पर प्राप्त रकम का, किसी भी परिस्थितियों में प्रतिदाय नहीं किया जाएगा। इस प्रकार प्प्राप्त की गई रकम परिषद् में उचत खाते में जामा की जाएगी। और यदि तीन वर्ष की अवधि के भीतर दावा किया जाता है तो रकम प्रतिसंदत की जा सकेगी और यदि उपर्युक्त अवधि के भीतर प्रतिदेय हेतू दावा नहीं किया जाता है तो रकम परिषद् के खाते में जमा कर दी जाएगी।

भाग—10

रजिस्ट्रार / उपरजिस्ट्रार और अन्य कर्मचारीवृन्द की सेवा की शर्तें और रजिस्ट्रार / उपरजिस्ट्रार की पर्यवेखणीय शक्तियां तथा कर्तव्य

61. रजिस्ट्रार / उपरजिस्ट्रार की नियुक्ति.—(1) रजिस्ट्रार / उप—रजिस्ट्रार का पद स्थाई होगा। रजिस्ट्रार का वेतन राज्य स्वास्थ्य सेवाओं के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (श्रेणी) के वेतन के समकक्ष होगा और उप रजिस्ट्रार का वेतन राज्य स्वास्थ्य सेवाओं के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अक्रियाशील ग्रेड चयन श्रेणी के वेतन के समकक्ष होगा।

(2) परिषद् रजिस्ट्रार / उपरजिस्ट्रार के पद के लिए नियुक्ति प्राधिकारी होगी। और रजिस्ट्रार / उपरजिस्ट्रार परिषद् की अन्य समस्त नियुक्तियों हेतू नियुक्ति प्राधिकारी होगा।

(3) रजिस्ट्रार का पद्, परिषद् द्वारा, उप—रजिस्ट्रार के पद से प्रोकति द्वारा भेजा जाएगा। उप—रजिस्ट्रार का पद् परिषद् द्वारा उपयुक्त अभ्यार्थियों जो आवेदन की तारीख जो एम0 बी0 बी0 एस0 की न्यूनतम अर्हता रखते हो, एम0 बी0 बी0 एस0 के पष्चात् सरकारी / पब्लिक सैक्टर / प्प्राईवटे सवे टर या व्यवसाय म ें न्यनू तम दस वर्ष का अनुभव हा े और 50 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा हो, में से नीचे चयन द्वारा भेजा जाएगा। स्नातकोतर अर्हता रखने वाले अभ्यार्थियों को अधिमान दिया जाएगा।

(4) रजिस्ट्रार / उपरजिस्ट्रार राज्य सरकार के समतुल्य पदों को अनुज्ञेय भते के समकक्ष भते प्राप्त करेंगे, जैसे कि महंगाई भता, आवास भता, नगर प्रतिकरात्मक भता, परिवहन भता, वाहन भता, व्यवसाय निषेध भता, शैक्षणिक भता, स्नातकोतर भता, यात्रा भता और दैनिक भता इत्यादि। छुटी और यात्रा हकदारियों उसी प्रकार की होगी जैसी राज्य सरकार के कर्मचारियों को समरूप पद पर होती है।

62. रजिस्ट्रार / उप—रजिस्ट्रार के कृत्य.— (1) रजिस्ट्रार / उप—रजिस्ट्रार अधिनियम और इन नियमों में यथाविहित कानूनी कृत्यों का पालन करेंगे और उसके पास परिषद् के पत्राचार का प्रभार होगा आरै इन नियमों के अधीन अपेक्षित रीति में समस्त आवश्यक सूचनाओं (नोटिसों) को जारी करेगा।

(2) परिषद् के कार्यकारी अधिकारी के रूप में, वह समस्त वितीय संव्यवहारों को मंजरू करने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा।

(3) रजिस्ट्रार या अन्य कोई अधिकारी जो रजिस्ट्रार के रूप में कार्य कर रहा है या उसका नामनिर्देषित मेजिस्ट्रेट के न्यायालय में शिकायत (परिवाद) दर्ज करने के लिए प्राधिकृत होगा और परिषद् की ओर से अधिवक्ता की सहायता से न्यायिक मामलों में भी प्रतिनिधित्व करेगा।

63. अन्य, स्टाफ कर्मचारी सदस्यों की नियुक्ति.– (1) कर्मचारी सदस्य स्टाफ मेम्बरज राज्य सरकार के समतुल्य पदों के कर्मचारियों को अनुज्ञेय भते के समकक्ष, भते प्राप्त करेंगे और महंगाई भता, आवास किराया भता, नगर प्रतिकरात्मक भता, परिवहन भता, यात्रा भता दैनिक भता इत्यादि भी प्राप्त करने के हकदार होंगे। कर्मचारी सदस्यों की छुटी और यात्रा हकदारिया उसी प्रकार की होगी जैसी राज्य सरकार के कर्मचारियों के समरूप पदों पर होती है।

(2) रजिस्ट्रार, अध्यक्ष के अनुमोदन के अध्यधीनः–

(क) सम्यक् रूप से मंजूर पदों के लिए स्टाफ कर्मचारीवृद्व नियुक्त करेगा और

(ख) ऐसे अन्यासी कार्मिक को, एक समय में 89 अनधिक अवधिक के लिए जैसा कि समय–समय पर अपेक्षित हो लगाएगा (रखेगा) आरै उन्हें परिश्रमिक का संदाय करेगा।

(3) उपनियम (2) के अधीन की गई नियुक्तियों की रिपोर्ट परिषद् को की जाएगी।

64. सेवानिवृतिः–परिषद् के समस्त कर्मचारियों के लिए सेवानिवृति की सामान्य आयु वैसी होगी जैसी कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को लागू है। परिषद् किसी कर्मचारी को एक समय में एक वर्ष से अनधिक अवधि के लिए सेवा में विस्तारण मंजूर कर सकेगी और किसी अधिकारी / पदधारी को आपवादिक परिस्थितियों में भी दो ऐसे विस्तारणों से अधिक विस्तारण अनुज्ञात नहीं किए जाएंगे।

65. त्याग पत्रः–(1) रजिस्ट्रार अध्यक्ष को इस प्रभाव का 3 मास को लिखित नोटिस देते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे सकेगा और ऐसा त्यागपत्र उस तारीख से प्रभावी होगा जिस तारीख को परिषद् द्वारा स्वीकृत किया जाता है। यदि वह यथा उपरावे त नोटिस दिए बिना अपने पद का छाड़े देता है, तो वह ऐसे नोटिस के बदले में संदेय कुल उपलब्धियों के समकक्ष रकम जमा करने के लिए दायी होगा।

(2) परिषद का कोई अन्य कर्मचारी रजिस्ट्रार को इस प्रभाव का यदि वह अस्थाई है तो एक मास का लिखित नोटिस देते हुए और यदि वह स्थाई है तो तीन मास का अपने पद से त्यागपत्र दे सकेगा, और ऐसा त्यागपत्र उसके स्वीकृत किए जाने की तारीख से प्रभावी होगा। अपेक्षित नोटिस देने में असफलता रहने की दशा में कर्मचारी नोटिस अवधि के बदले में संदेय कुल उपलब्धियों के समकक्ष रकम जमा करने के लिए दायी होगा।

66. अनुशासन प्राधिकारी.–(1) अनुशासिक अधिकारिता प्राधिकारः–

(क) अधिकारियों के सम्बन्ध में कार्यकारी समिति में निहित होगा, और

(ख) परिषद् के कर्मचारियों के सम्बन्ध में रजिस्ट्रार में निहित होगा।

(2) परिषद् के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अपीली अधिकारिता / प्राधिकार परिषद् में निहित होगा।

67. सेवा का पर्यवासन.–(1) परिषद्, रजिस्ट्रार / उपरजिस्ट्रार से भिन्न किसी भी कर्मचारी की सेवाओं को सम्यक जांच करने और ऐसे कर्मचारी को स्पष्टीकरण का उचित अवसर, कि क्यों न उसकी सेवाएं समस्त कर दी जाए, देने के पश्चात सेवाएं समाप्त कर सकेगा।

(2) परिषद् रजिस्ट्रार / उप–रजिस्ट्रार से भिन्न किसी कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस देने के पश्चात् ऐसे कर्मचारी पर कोई अन्य शास्ति अधिरोपित कर सकेगी।

(3) परिषद् राज्य सरकार की पूर्व मंजूरी से लोक सेवक (जाचं) अधिनियम, (1850 का 37) के अधीन अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार रजिस्ट्रार / उप–रजिस्ट्रार की सेवाएं समाप्त कर सकेगी।

68. उपदान तथा सेवा के अन्य निबंधन.– परिषद् कानूनी उपबंधों के अनुसार उपदान के लिए उपबंध करेगी। सेवा के अन्य निबंधन जैसे छुटी, छुटी मुनाना, छुट्टी यात्रा रियासत इत्यादि जैसे राज्य सरकार के कर्मचारियों को लागू है, वैसे ही लागू होगी। परिषद् कार्यकारी (स्टॉफ) सदस्यों तथा उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के लिए चिकित्सा बीमा पॉलिसी का उपबंध करेगी और राज्य सरकार के कर्मचारियों को लागू नियमों के अनुसार स्वयं तथा उसके परिवार के आश्रित सदस्यों पर उपगत किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति भी करेगी।

69. छुट्टी मंजूर करने की शक्ति.–रजिस्ट्रार परिषद् के कर्मचारियों को छुट्टी मंजूर करने और उनके स्थान पर प्रतिस्थानी नियुक्त किए जाने के लिए प्राधिकृत होगा।

70. अभिदाय भविष्य निधि.–परिषद् के कर्मचारी पेंशन के लिए हकदार नहीं होंगे, परन्तु स्थायी कमर्चारियों को परिशिष्ट 'क' में दिये गए नियमों के अनुसार अभिदायी भविष्य निधि की प्रसुविधा अनुज्ञात की जाएगी।

भाग–11

प्रकीर्ण

71. अभियोन.–(1) यदि रजिस्ट्रार को सूचना प्राप्त होती है कि किसी अधिकारी या पदधारी ने अधिनियम के अधीन कोई अपराध किया है तो वह, यदि कोई शिकायत (परिवाद) है शिकायतकर्ता को कानूनी घोषणा या अन्यथा, अपनी शिकायत के समर्थन में प्रथम दृष्टया सबूत प्रस्तुत करने को कहेगा।

(2) रजिस्ट्रार उसके आधार पर मामले को, कार्यकारी समिति के समक्ष लाएगा जो यदि इस प्रकार सशक्त हो मामले में कार्यवाहियां सस्थित कर सकेगा और नियम 62 (3) के अधीन यथा उपबंधित मामलों को न्यायालय में व्यपदिष्ट (प्रस्तुत) कर सकेगा।

72. नियमों का निर्वचन.– इन नियमों के किसी निर्वचन या स्पष्टीकरण के मामले में राज्य सरकार का विनिश्चय आन्तिम होगा ।

प्ररूरूप –1

नियम 5 देखें

परिषद् के सदस्यों की विशिष्टियां दर्शाते हुए वही / रजिस्टर

नाम	पता	नामनिर्दिष्ट क्या या निर्वाचित है (जिस निर्वाचन मण्डल का वह प्रतिनिधित्व व्यपदेन करता है	पदावधि	पदाविधि के प्रारम्भ की तारीख
1	2	3	4	5

सामान्य अनुक्रम में तारीख जिस को पदावधि का अवसान होना है	यदि नियुक्ति को स्तम्भ (6) में वर्णित नियत तारीख से पूर्व किया गया है तो पूर्वतर समाप्ति की तारीख और कारण	टिप्पणियां
6	7	8

प्ररूप –2

(नियम 35 देखें)

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 2003 की धारा 22 के अधीन जांच सम्बन्धी कार्यवाहियों में हाजिर होने के लिए आरोपित रजिस्ट्रीकृत व्यवसायी को सूचना (नोटिस)

महोदय,

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् की कार्यकारी समिति की ओर से में आप को सूचना (नोटिस) देता हूं कि कार्यकारी समिति के समक्ष की गई शिकायत (परिवाद) और दिए गये साक्ष्य जिसके द्वारा शिकायतकर्ता (परिवादी) ने आपके विरूद्व निम्नलिखित आरोप लगाये है।

अर्थातः–

यह सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 22 के अधीन आपकी परीक्षा की जानी अपेक्षित है और मुझे आप को यह सूचना (नोटिस) देने के लिए निर्दिष्ट किया है कि .....दिन .....200 ... को, ... बजे आपके विरूद्व उपर्युक्त वर्णित आरोपों पर विचार करने और विनिश्चय करने के लिए कि क्या उन्हें, हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् अधिनियम, 2003 (2006 का 16) की धारा 22 के अनुसरण में, आप का नाम रजिस्टर से हटाए जाने के लिए निदेश देना चाहिए या नहीं।

आप से उपर्युक्त आरोपों का लिखित में जबाब देने और उपर्युक्त वर्णित स्थान और समय पर कोई खण्डन (प्रत्याख्यान) या प्रतिरक्षा (सफाई) जो आप देना चाहते है को साबित करने के लिए कार्यकारी समिति के समक्ष उपस्थित होने का निवेदन किया जाता है और आपको एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आप यदि अनुरोध के अनुसार उपस्थित नहीं होते हैं, तो कार्यकारी समिति, आप भी अनुपस्थिति मे उक्त आरोपों की सुनवाई करे और विनिश्चय कर सकेगी।

आरोपों के सम्बन्ध में या उससे प्रतिरक्षा (सफाई) में कोई जवाब या अन्य संसूचना या आवेदन जो आप देने (प्रस्तुत करने) की वांछा रखते हो, अद्योहस्ताक्षरी को सम्बोधित और परिषित रखते हो, अद्योहस्ताक्षरी को सम्बोधित और पारेषित किए जाएंगे जिससे कि, उक्त मामले की सुनवाई के लिए नियत दिन से पूर्व ..... दिन से अन्यून अवधि के भीतर उस तक पहुंच जाए।

रजिस्ट्रार

प्ररूप–3

(नियम 46 देखें)

चिकित्सा व्यवसायियों के रजिस्टर से धारा 22 के अधीन हटाये गये नाम की पुनः प्रविष्टि हेतू आवदेन

सेवा में,

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद्

.....

.....

महोदय,

मैं (क) ..... अद्योहस्ताक्षरी (ख)..... अर्हताएं रखते हुए एतदद्वारा सत्यनिष्ठा से निम्नलिखित घोषणा करता हूं।

वर्ष (ग) .....में मेरा नाम निम्नलिखित अर्हताओं की बावत अर्थात (घ) ..... के रजिस्टर में सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत किया गया था, और मेरा नाम हटाये जाने की तारीख को मैं निम्नलिखित अतिरिक्त अर्हताओं अर्थात (ङ) ..... की बावत रजिस्ट्रीकृत था।

रजिस्ट्रार ने रजिस्टर से मेरा नाम (च) ..... नवीकरण फीस के संदाय के व्यतिक्रम में हटाया है।

रजिस्टर से मेरा नाम हटाये जाने से मै (छ).....स्थान पर निवास कर रहा हूं और (ज) ..... मेरा व्यवसाय है।

मैं यह निवेदन करता हूं कि (झ) के रूप में मेरा नाम रजिस्टर में पुनः किया जाए।

भवदीय,
हस्ताक्षर
नाम और पता.....
रजिस्ट्रीकरण संख्या.....
टिप्पण.....

(क) पूरा नाम लिखें (अन्तः स्थापित करें)
(ख) अर्हता लिखें अन्त स्थापित करें
(ग) रजिस्ट्रीकरण की तारीख लिखें (अन्तः स्थापित करें)
(घ) अर्हताएं लिखें (अन्तः स्थापित करें)
(ङ) अतिरिक्त अर्हताएं लिखें (अन्तः स्थापित करें)
(च) हटाये जाने की तारीख लिखें (अन्तः स्थापित करें)
(छ) विशिष्टियां दें।
(ज) वृत्रिक व्यवसाय से सम्बन्धित विशिष्टियां लिखें (अन्तः स्थापित करें)
(झ) रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी।

प्ररूप –4

(नियम 46(2) (ख) (iii) देखें)

यह प्रमाणित किया जाता है कि ..... जिसका नाम हिमाचल प्रदेष चिकित्सा परिषद् अधिनियम 2003 (2003 का 16) के अधीन चिकित्सा व्यवसायियों के रजिस्टर में पहले से ही है, मेरा सुपरिचित है और चरित्रवान है।

नामः–
(प्रमाणित करने वाले व्यक्ति का नाम)
पता.....
अर्हता.....
तारीख.....

प्रमाणित करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर,

रजिस्ट्रीकरण संख्या.....

प्ररूप –5

(नियम 46 (6) देखें)

अधिनियम की धारा 22 के अधीन आवेदक द्वारा चिकित्सा व्यवसायियों के रजिस्टर में नाम की पुनः प्रविष्टि (प्रवेश) हेतू कानूनी घोषणा।

सेवा में,

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद्
.....
.....
.....

(1) मैं, अद्याहे स्ताक्षरी (क) अब ..... की अर्हताएं रखते हुए (ख) सत्यनिष्ठा (ख) सत्यनिष्ठा से घोषणा करता हूं कि निम्नलिखित तथा मेरे मामले के है, जिनके आधार पर मैं चिकित्सा व्यवसायियों के रजिस्टर में अपने नाम की पुनः प्रविष्टि चाहता हूं।

(2) (ग)..... को मेरा नाम निम्नलिखित अर्हताओं के बारे में अर्थात रजिस्टर में सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत किया गया था, (घ) अर्थात ..... जाचं की तारीख को मैं उन्हीं अर्हताओं की बावत रजिस्ट्रीकृत था, (ङ) और निम्नलिखित अतिरिक्त अहर्ताओं की बावत भी रजिस्ट्रीकृत था, अर्थातः–

(3) (च).....दिन..... को की गई जाचं पर, (घ) ..... के. ..... द्वारा, हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् को की गई शिकायत पर, परिषद् ने (ज) मुझे ..... से अधिरोपित करते हुए, मेरा नाम रजिस्टर से हटाये जाने का निदेश दिया था।

(4) रजिस्टर से मेरा नाम हटाये जाने से मैं (झ) ..... स्थान पर निवास कर रहा हूं और..... ..... मेरा व्यवसाय है।

(5) यह मेरा आशय (अभिप्राय) है कि (ञ) ..... के रूप में मेरा नाम रजिस्टर में पुनः प्रविष्ट किया जाए।

(6) आवेदन के आधार (ट) ..... है। मेरे समक्ष स्थान ..... तारीख..... को घोषित किया गया।

मजिस्ट्रेट या नोटरी पब्लिक

टिप्पणः–

(क) पूरा नाम लिखें (अन्त स्थापित करें)
(ख) अर्हताएं, यदि कोई है लिखें अन्त स्थापित करें
(ग) तारीख लिखें (अन्तः स्थापित करें)
(घ) जाचं की तारीख लिखें (अन्त स्थापित करें)
(ङ) अर्हताएं वर्णित करें।
(च) शिकायतकर्ता का नाम और पता लिखें (अन्त स्थापित करें)
(छ) आरोप जिस पर नाम हटाया गया था लिखें (अन्तः स्थापित करें)

(ज) पता लिखें (अन्तः स्थापित करें)

(झ) वृत्रिक व्यवसाय से सम्बन्धित विशिष्टियां लिखें (अन्तः स्थापित करें)

(ञ) आवेदन में दिए गए (वर्णित) समस्त तथा और आधार स्पष्ट और संक्षिप्त रूप में कथित होने चाहिए।

प्ररूरूप–6

(नियम 46 (6) देखें)

प्ररूप–5 में आवेदन के पैरा (4) और (5) की विषय वस्तु के सत्यापन के बारे में प्रमाणपत्र

मैं ..... निम्नलिखित प्रमाणित करता हूं: –

(1) मेरी रजिस्ट्रीकरण संख्या..... है।

(2) मैनें..... के आवदे न के पैरा (4) और (5) पढ़ लिए हैं और कथन करता हूं कि मैं उक्त..... ..... दोनों से अवगत किया गया / हूं और चूंकि उसका नाम रजिस्टर से हटा दिया गया है मैं उस एक अच्छे चरित्र का व्यक्ति समझता हूं और मेरे द्वारा किए गए कथन (स्टैटमेन्टस) मेरे ज्ञान, सूचना और विश्वास से सही है।

हस्ताक्षर

प्ररूप– 7

(नियम 51 देखें)

पावती (रसीद)

हिमाचल प्रदेष चिकित्सा परिषद, साधारण नियम, 2007 का नियम 51 और हिमाचल प्रदेष चिकित्सा परिषद्फीस नियम, 2006 का नियम 3 (3) देखें	हिमाचल प्रदेष चिकित्सा परिषद् (साधारण) नियम,2007 का नियम 22 और हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् (फीस) नियम्, 2006 का नियम 3 (3) देखें
हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद्।	हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद्
वही संख्या.....	वही संख्या.....
क्रम संख्या.....	क्रम संख्या.....
तारीख.....	तारीख.....
श्री / श्रीमति..... से ..... रूपये..... की रकम..... के लेखे रोकड़ / अदायगी आदेश के माध्यम से प्राप्त की गई है।	श्री / श्रीमति ..... से.....रूपये) की रकम..... के लेखे रोकड़ / अदायगी आदेश के माध्यम से प्राप्त की गई है।
रजिस्ट्रार	रजिस्ट्रार

प्ररूप–8

(नियम 54 देखें)

हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद्

साधारण रोकड़ वही

मास आरै तारीख	वर्गीकृत संक्षिप्त सार की पन्ना फोलियो संख्या	विभागीय मुख्य लघु और विस्तृत शीर्ष और उपशीर्ष के ब्यौरे	पावती (रसीद की विशिष्टियां और व्यक्ति का नाम जिससे प्राप्त किया गया है)
1	2	3	4

बैकं (रसीद) पावती की संख्या और तारीख	रकम	कुल दैनिक	बैकं को प्रेषित बैंक (रसीद) पावती की संख्या तारीख	रकम	मास
5	6	7	8	9	10

तारीख	वर्गीकृत सरा की पल्स पोलियो संख्या	विभागीय मुख्य उप–शीर्ष और लेखे के उप शीर्ष के ब्यौरे	प्रभार की प्रविष्टियां और पाने वाले का नाम
11	12	13	14

बाउचर की संख्या	चैक की संख्या आरै तारीख	रकम	कुल दैनिक
15	16	17	18

परिशिष्ट 'क'

(नियम 70 देखें)

परिषद् के कर्मचारियों के लिए अभिदायी भविष्य निधि नियम

1. (1) इन नियमों में जब तक कि कोई बात विषय या सन्दर्भ के विरूद्व न होः–

(क) 'जमाकर्ता' से कोई कर्मचारी अभिप्रेत है जिसकी ओर से इन नियमों के अधीन निक्षपे किया जाता है।

(ख) ''कर्मचारी'' के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् के कार्यालय में अधिष्ठायी नियुक्ति धारित (धारण) करने वाला प्रत्येक कर्मचारी सम्मिलित है।

स्पष्टीकरणः–

अधिष्ठायी नियुक्ति में परिवीक्षा पर किसी कर्मचारी को, इन नियमों के प्रयाजे न हेतू कर्मचारी नहीं माना जाएगा, जब तक कि वह स्थायी (पक्का) न हो जाए।

(ग) ''कुटुम्ब'' से यथास्थिति पत्नी या पति, और पूर्ण रूप से कर्मचारी पर आश्रित माता पिता, बच्चे और सौतेले बच्चे अभिप्रेत है।

(घ) ''निधि'' से हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् द्वारा स्थापित अभिदायी भविष्य निधि अभिप्रेत है।

(ङ) ''ब्याज'' से ऐसा ब्याज अभिप्रेत है जो, ऐसे संस्थानों की बाबत, प्रवृत नियमों के अधीन किसी सरकारी बचत बैंक में जमा की गई राशि (रकम) पर संदत किया जाता है।

(च) ''नियमो'' से हिमाचल प्रदेश चिकित्सा परिषद् के कर्मचारियों के लिए अभिदायी भविष्य निधि नियम अभिप्रेत है, और

(छ) वेतन के अन्तर्गत वेतन या निजि भते के रूप में नियत समस्त मासिक भते सम्मिलित है परन्तु विशिष्ट व्यय, जैसे कि यात्रा या वाहन या आवास किराया भते, चाहे दैनिक या मासिक या वार्षिक आधार पर संदत किए गए हो को वहन करने के लिए स्वीकृत दिए गए भते सम्मिलित नहीं होंगे।

2. उन शब्दों और पदों के जो इसमें प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है वही अर्थ होंगे जो उनके अधिनियम में ही परिषद के कार्यालय में किसी नियुक्ति के लिए नियुक्त या प्रोभत प्रत्येक कर्मचारी, जब तक कि परिषद के अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से छूट न दे दी जाए, अपने वेतन से भविष्य निधि में जिसका अध्यक्ष के पदीप नाम से डाकखाना बचत बैंक में एक संयुक्त खाता खोला जाएगा में एक रूपये में 8 पैसे की दर से अभिदाय करेगा। परिषद् द्वारा कटौती, प्रस्तुत किए गए प्रत्यके वेतन बिल से की जाएगी और उसे तुरन्त भविष्य निधि में जमा कर दिया जाएगा इस कटौती की संगणना करते समय वेतन के रूपये के भाग का लोप किया जाएगा।

3. परिषद नियम के अधीन प्रत्येक जमाकर्ता के जमा खाते में, उसके वेतन में से की गई कटौती की रकम में बराबर रकम का अंषदान करेगी। ऐसा अंषदान, वेतन से कटौती सहित मासानुमास ऐसे कर्मचारी के पक्ष में, निधि में जमा किया जाएगा।

4. अभिदाय भविष्य निधि खाताः– (1) इन नियमों से संलग्न प्ररूप–1 परिषद् के कार्यालय में अनुरक्षित रखा जाएगा। नियम 2 के अधीन प्रत्येक जमाकर्ता के वेतन से की गई मासिक कटौती की रकम आरै इन नियमों नियम 3 में निर्दिष्ट मासिक अंषदान तुरन्त अभिदायी भविष्य निधि खाता (लैजर) में दर्ज किया जाएगा और इस प्रकार दर्ज की गई रकम् इन नियमों के नियम 2 में निर्दिष्ट जमाकर्ता के संयुक्त खाते में, डाक खाना बचत बैंक में सम्यक् रूप से संदत की जाएगी। डाकखाना बचत बैंक में यह संदाय, प्रत्यके मास के प्रथम और चतुर्थ दिवस के मध्य किया जाएगा ताकि उस पर ब्याज उपगत हो सके।

5. जिस अवधि के दौरान कर्मचारी बिना वेतन के छुट्टी पर है उस अवधि के लिए भविष्य निधि में कोई अभिदान और अंशदान नहीं किया जाएगा।

6. यथासम्भव शीघ्र, किसी वितीय वर्ष के समाप्त होने और डाकखाने द्वारा बचत बैंक संयुक्त खाता पास बुक में ब्याज जोड़े जाने के पश्चात उसे इन नियमों से संलग्न प्ररूप–2 में दी जाएगी। प्रत्यके जमाकर्ता के खाते की एक प्रति दी जाएगी।

7. कोई भी कर्मचारी, अपनी ओर से परिषद् द्वारा अभिदायी किसी रकम का कोई भाग या अंश प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं होगा, जब तक कि वह परिषद् की सेवा में (कम से कम) बारह मास तक न रहा हो, और त्यागपत्र देने की दशा में, अध्यक्ष द्वारा उसे नियुक्ति से त्याग पत्र देने की अनुज्ञा दी हो।

8. परिषद का कोई भी कर्मचारी जो अध्यक्ष की राय में बेईमानी या अन्य घोर अवचार का दोषी पाया जाता है, परिषद् के अनुमोद न के सिवाय अपनी ओर से परिषद् द्वारा अंशदत किसी राशि (रकम) का कुछ भाग या अंश या उसपर संचित ब्याज अथवा लाभ प्राप्त करने का पात्र नहीं होगा। परिषद् कर्मचारी की बेईमानी को हुई किसी क्षति या नुकसान की रकम के बराबर रकम, सेवक की तत्सम्य जमा राशि से इस राशि को प्रथम भार के रूप में वसूल करने के लिए हकदार होंगे।

9. (1) यदि कोई कर्मचारी पदच्यूत हो जाता है तो, परिषद् उसके खाते में उसके द्वारा किया गए अंशदान को उस पर प्रोदभूत ब्याज सहित समस्त रूप में या उसके किसी अंश भाग को रोक सकेगी और सेवक कर्मचारी को ऐसे अंशदान और उस पर प्रोदभतू ब्याज के बिना, केवल उसके जमा खाते को बकाया अतिशेष संदाय करेगी।

(2) इन नियमों के नियम 8 और 10 में उपबंधित के सिवाय, उप–नियम (1) में निर्दिष्ट बकाया, पदच्यूति या किसी अपराध के लिए दोषसिद्वि पर समपहरण का दायी नहीं होगा।

